समाचार

शहर की स्वच्छता के प्रति रहे एलर्ट, महाअभियान के रूप में करें सफाई कार्य – राजस्व मंत्री

(जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्र. 26 मुड़ापार बस्ती का पैदल भ्रकण कर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया सफाई कार्यो का निरीक्षण, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद भी रहे उपस्थित)

(बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात कर जानी उनकी समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 28 फरवरी 2023 – राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि शहर के साफ–सफाई कार्यो पर विशेष फोकस रखें तथा निगम क्षेत्र में स्वच्छता का महाअभियान चलाएं। टूटी–फूटी व पुरानी नालियों की मरम्मत करें, आवश्यकतानुसार नालियों का निर्माण हो, नियमित रूप से साफ–सफाई के कार्य संपादित हों तथा कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित हों। उन्होने कहा कि आमजनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो, उन्हें अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु अनावश्यक परेशान न होना पड़े, इस हेतु पूरी सजगता से कार्य करें।

राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद तथा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्र. 26 मुड़ापार बस्ती का पैदल भ्रमण करते हुए विशेष साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 20 फरवरी से 15 मार्च तक विशेष सफाई अभियान वार्ड व बस्तियों में निर्धारित कार्ययोजना के तहत चलाया जा रहा है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने वार्ड क्र. 26 मुड़ापार क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर, साप्ताहिक बाजार एरिया, मुड़ापार बस्ती के अंदरूनी क्षेत्र, सभी मोहल्लों का पैदल भ्रमण करते हुए सफाई कार्यो का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया, उन्होने नालियों की सतह से सफाई करने, सड़क के किनारे एवं नालियों पर उगी हुई घांस, झाड़ी, बर्म की पूर्ण सफाई करने, इस दौरान निकले हुए कचरे का तुरंत

उठाव व परिवहन करने तथा कचरे का उचित प्रबंधन किए जाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सफाई का महाअभियान भी चलाएं, स्वच्छता पर विशेष फोकस रखे, कीटनाशक व मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव जारी रखें।

स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों से की चर्चा – भ्रमण के दौरान राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य संपादित करने वाली स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों से चर्चा की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे कचरे के संग्रहण हेतु अनिवार्य रूप से सभी घरों में जाएं तथा यह देखें कि कोई भी घर छूटने न पाएं। उन्होने कहा कि यदि प्रत्येक घर से कचरे का संग्रहण कर लिया जाएगा तो सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने की गुंजाईश ही नही रहेगी तथा इससे शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो को बल मिलेगा।

मोबाईल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण – मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट का चलित शिविर आज वार्ड क्र. 26 मुड़ापार में भी संचालित हो रहा था, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने शिविर का औचक निरीक्षण किया, मोबाईल मेडिकल यूनिट में दवाईयों की उपलब्धता, बीमारियों की जांच संबंधी कार्यो तथा स्टाफ की उपस्थिति आदि का निरीक्षण किया, इलाज व जांच कराने हेतु आए हुए नागरिकों से चर्चा की तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर में उनकी जांच, इलाज आदि की जानकारी ली। उन्होने शिविर में उपस्थित मेडिकल स्टाफ से कहा कि इलाज कराने हेतु पहुंचने वाले लोगों से सम्मानजनक व्यवहार किया जाए, आवश्यकतानुसार उनकी निःशुल्क जांच, इलाज व निःशुल्क दवाईयॉ दी जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रकार की दवाईयॉ शिविर में अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे।

सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण – गुरूघासीदास चौक से मुड़ापार की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहॉ उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से उक्त सड़क का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व नवनिर्माण का कार्य 63 लाख रूपये की लागत से किया जाना है, वर्तमान में वह कार्य प्रगति पर है, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के साथ उक्त प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने सड़क निर्माण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, यशवंत चौहान, दीपक शर्मा, राकेश पंकज, सुनील निर्मलकर, सुजीत बर्मन, तुमुल चौहान, सिकंदर, रथलाल, अघनबाई महंत, संजिदा बेगम, कल्पना सिंह, खिकमती चौहान, विमला श्रीवास, विशु घोष, सुधराम साहू, जीवन चौहान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।